तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 6 जुलाई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 शाउमा विद्यालय घुटरा में शाला प्रवेशोत्सव



## खबर संक्षेप

### राष्ट्र के लिए मध्यस्थता पर न्यायाधीशों की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नालसा एवं मेडिएशन एंड कांउसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी नई दिल्ली द्वारा संचालित राष्ट के लिए मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी ने इस जिले के सिविल न्यायालय बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी एवं जनकपुर के न्यायाधीशों की विशेष बैठक ली। विदित हो कि भारत के सभी तालुका न्यायालय, जिला न्यायालय व उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को समाप्त करने के लिए यह अभियान 90 दिनों तक चलाया जाएगा। उन्होंने सभी न्यायाधीश को अधिक से अधिक प्रकरण मध्यस्थता के लिए रेफर करने के निर्देश दिए और अधिक से अधिक प्रकरणों को माध्यस्थता के माध्यम से निराकृत करने का प्रयास करने के लिए निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि मध्यस्थता के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित करने में सहयोग प्रदान किया जा सकता है, साथ ही दोनों पक्षों में सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है, मध्यस्थता में विवादों को निपटाने का सारा प्रयास स्वयं पक्षकारों का बना रहता है और निर्णय लेन का अधिकार भी पक्षकार का ही रहता है, कहीं भी विवशता एवं दबाव नहीं रहता है, पुरी प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष होती है।

### लर्निंग लाइसेंस आरटीओ कैंप 13 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सड़क सुरक्षा और परिवहन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 13 जुलाई को विकासखंड मनेन्द्रगढ़, डोमनापारा स्थित कोलस्टोर के पास गोंडवाना भवन में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से विशेष आरटीओ कैंप का आयोजन किया जाना है। इस शिविर के माध्यम से इच्छुक नागरिकों को लर्निंग लाइसेंस बनवाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आम लोगों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तक बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही इस दिन जिले में संचालित सभी स्कूल बसों की फिटनेस की जांच की जाएगी, ताकि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। परिवहन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में समय पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

### 43 चालकों के ड्रायविंग लाइसेंस निलंबित

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए जिला परिवहन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट की ऑन रोड सेफ्टी कमेटी के निर्देशों के तहत 43 वाहन चालकों के ड्रायविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित कर दिए हैं। यह कार्रवाई पुलिस विभाग द्वारा मोटरयान अधिनियम एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में चालानी कार्रवाई के आधार पर की गई है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्राप्त प्रकरणों की जांच उपरांत अनुज्ञप्ति धारकों को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया, जिसके पश्चात जिला परिवहन अधिकारी, कोरिया द्वारा यह निर्णय लिया गया। निलंबन अवधि में संबंधित वाहन चालक किसी भी प्रकार का वाहन नहीं चला सकेंगे। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में ऐसे चालकों द्वारा पुनः नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो उनकी अनुज्ञप्ति छह माह तक के लिए निलंबित की जाएगी।

वर्षा काल में नहीं बरत रहे सावधानी, प्रशासन ने किया है प्रतिबंधित

# जलाशयों के पास लोग ले रहे सेल्फी



धड़ल्ले से सेल्फी लेते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में इन दिनों लगातार हो रही तेज बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और जलप्रपातों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। बावजूद इसके कई लोग रोमांच या सोशल मीडिया के चाव में जलाशयों, झरनों और बहते जल स्त्रोतों के पास जाकर सेल्फी या फोटो खिंचवाने का जोखिम उठा रहे हैं, जो किसी भी वक्त जानलेवा साबित हो सकता है।

प्रशासन द्वारा लगातार चेतावनी और अपील किए जाने के बावजूद, कुछ लोग कर्म घोघा, अमृतधारा जल प्रपात, जनकपुर स्थित रामदहा जलप्रपात और अन्य संवेदनशील स्थलों पर पहुंचकर अनावश्यक जोखिम उठा रहे हैं। विशेष रूप से अमृतधारा जल प्रपात, कर्म घोघेश्वर मंदिर क्षेत्र में जलस्तर अत्यधिक बढ़ गया है, लेकिन फिर भी यहां पहुंचने वाले पर्यटकों द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से ऐसे स्थलों पर निगरानी बढ़ाने और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि हर साल वर्षा ऋतु में ऐसे स्थलों पर दुर्घटनााएं होती हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गवां चुकेक हैं, फिर भी लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही।

### जानलेवा साबित हो सकते हैं ये स्पॉट

अमृतधारा जलप्रपात भारी जलप्रवाह, फिसलन भरी चट्टानें कर्म घोघेश्वर धाम तेज बहाव वाला जल स्त्रोत, रामदहा जलप्रपात (जनकपुर) गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया पर रिल्स और डेरिंग सेल्फी के चलन ने युवाओं को बिना सोचे-समझे खतरनाक स्थलों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया है, जहां एक छोटी सी चूक भारी पड़ सकती है।

### सख्त रुख अपनाने की तैयारी

प्रशासन ने संकेत दिया है कि जलाशयों और संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग, तथा गश्ती दलों की नियुक्ति की जा रही है। साथ ही, नियम उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान किया जा सकता है। रोमांच और फोटो के लिए अपनी जान जोखिम में न डालें। प्रशासन की चेतावनियों का पालन करें और दूसरों को भी सतर्क करें।

## 11 से प्रारंभ होगा श्रावण मास



शिवालयों में विशेष पूजन की तैयारियां तेज

**मनेन्द्रगढ़।** आगामी 11 जुलाई से भगवान शिव की आराधना का पवित्र श्रावण मास आरंभ हो रहा है। इस विशेष अवसर को लेकर जिलेभर के सभी शिवालयों में व्यापक तैयारियां आरंभ हो गई हैं। श्रद्धालु पूरे मास शिव पूजन-अर्चन के माध्यम से पारिवारिक सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री सिद्धबाबा धाम, हसदेव गंगा तट, श्री कैलाश मंदिर जनकपुर, अमृतधारा शिव मंदिर तथा नीलकंठ महादेव मंदिर सहित जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष पूजन, रूद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को शिवभक्त विशेष जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर समितियां सुरक्षा, स्वच्छता एवं भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयारियों में जुटी हुई हैं। श्रावण मास में शिवभक्ति की गूंज से नगर धार्मिक उल्लास और आस्था के वातावरण में रंग जाएगा।


### सावन मास का महत्व

श्रावण मास (सावन) हिन्दू पंचांग के अनुसार भगवान शिव को समर्पित पवित्र महीना होता है, इसे भगवान शिव की उपासना का सर्वोत्तम समय माना जाता है। इस मास में शिवभक्त व्रत, जलाभिषेक, रूद्राभिषेक व मंत्र जाप के माध्यम से महादेव को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं।

# नए विद्युत उपकेन्द्र से जनकपुर के 142 गांवों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





एमसीबी जिले में 3 जुलाई को नवनिर्मित 1.40 एमवीए, 132/33 केवी उपकेन्द्र को प्रबंध निदेशक, छग स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी आरके शुक्ला द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेन्द्र व संबंधित पारेषण लाइन का निर्माण 22.50 करोड़ रुपए की लागत से किया गया।

■ जंगल बचाते हुए 22.50 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत उपकेन्द्र स्थापित

सघन वनक्षेत्र होने के कारण यहां 100 किमी लंबी लाइन बिछाने पर बहुत सारे वृक्षों को काटना पड़ता, इससे बचने के लिए बहरासी के पास से निकलने वाली मध्यप्रदेश पारेषण कंपनी की 132 केवी अमरकंटक राजमिलान के माध्यम से 132 केवी सप्लाई प्राप्त की गई है। इस तरह वन बचाते हुए की गई व्यवस्था से नया उपकेन्द्र ऊर्जीकृत होने से जनकपुर तहसील के लगभग 142 गांवों के 15 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगी। जनकपुर तहसील के विद्युत उपभोक्ताओं को वर्तमान में विद्युत आपूर्ति मनेन्द्रगढ़ से 33 केवी लाइन से हो रही थी, जो कि 100 किमी लंबी है। सघन वन क्षेत्र में स्थित होने के कारण लो-वोल्टेज की व फॉल्ट की स्थिति में लंबे विद्युत व्यवधान की समस्या बनी रहती थी। इस उपकेन्द्र के ऊर्जीकृत होने से विद्युत प्रदाय की स्थिति में सुधार होगा। इस उपकेन्द्र के लिए 132 केवी लाइन राज्य में स्थित 132 केवी मनेन्द्रगढ़ उपकेन्द्र से लाने में सघन वनक्षेत्र में वृक्ष विदोहन करना पड़ता। पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए बहरासी के पास से निकलने वाली मध्यप्रदेश पारेषण कंपनी की 132 केवी अमरकंटक राजमिलान के माध्यम से 132 केवी सप्लाई प्राप्त की गई है। इस कार्य में एमपीपीटीसीएल व एमपी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशकों व अधिकारियों का विशेष सहयोग मिला। इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक संजय पटेल, वीके दीक्षित, श्रीमती कल्पना घाटे, मुख्य अभियंता संजय तिवारी, यशवंत शिलेदार, अति मुख्य अभियंता पी गोसाई, एसके दुबे, अधीक्षण अभियंता राजेश लकड़ा, श्री कंवर और वितरण तथा पारेषण कंपनी कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंगराज सिदार द्वारा शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल चनवारीडांड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, कक्षाओं की स्थिति एवं शौचालयों की सुव्यवस्था का सूक्ष्म अवलोकन किया और स्वच्छता की स्थिति की सराहना की।

श्री सिदार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी पढ़ाई, उपस्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कक्षा की दीवारों पर अंकित प्रेरणादायक उद्धरणों की विशेष प्रशंसा की, जिसे उन्होंने विद्यार्थियों के लिए प्रेरक बताया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएम श्री स्कूल, मिडिल स्कूल एवं हाईस्कूल चनवारीडांड़ का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों और अधिकारियों को छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुधारने के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा जाति प्रमाण पत्र जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की प्रक्रिया को सरल व समय पर पूरा करने पर विशेष बल दिया।

■ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुधारने प्रयास करने के दिए निर्देश

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैकरा एवं एबीईओ वीरेन्द्र पाण्डेय भी उपस्थित रहे। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रशासन की यह पहल विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी।

### आईटीआई में अप्रैन्टिस पंजीयन सप्ताह 15 तक

**अंबिकापुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर द्वारा 7 जुलाई से 15 जुलाई तक अप्रैन्टिस पंजीयन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय अप्रैन्टिस पोर्टल पर पंजीयन करवाने में सहायता प्रदान की जाएगी। आईटीआई प्राचार्य चन्देश्वर पैकरा ने बताया कि अप्रैन्टिस पंजीयन अवधि में ऑनलाईन पंजीयन पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट तथा उद्योगों से जुड़ने की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी 10 वीं की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र, निवास, प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मां का परिचय पत्र, दो फोटो के साथ संपर्क कर सकते हैं।

# बरबसपुर में तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण



**बरबसपुर।** एमसीबी जिल के ग्राम पंचायत बरबसपुर में शुक्रवार को तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व संसदीय सचिव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने 100 तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की। श्रीमती पावले ने उपस्थित संग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि चरण पादुका योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित मोदी की गारंटी का एक अहम वादा था, जिसे छग में भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। यह योजना केवल चरण पादुका देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह तेंदूपत्ता संग्राहकों के श्रम, स्वाभिमान और सुरक्षा के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं चलाना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव को पहुंचाना है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका उनकी आय और जीवन की स्थिरता में एक सहायक कदम है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि बरबसपुर में कुल 125, उजियारपुर में 106, महाराजपुर में 113, लाई में 335, तथा अमृतधारा क्षेत्र में 500 तेंदूपत्ता संग्राहक पंजीकृत हैं। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 100 संग्राहक उपस्थित रहे, जिन्हें चरण पादुका का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला यूनियन संचालक श्रीमती इरावती, मंडल अध्यक्ष नागपुर, मीडिया प्रभारी महेश साहू, जनपद सदस्य रीना अग्रवाल, बरबसपुर सरपंच सोनमति सिंह, उजियारपुर सरपंच सोनी बाई, सोनवर्षा सरपंच श्यामवती सोनपाकर, सुरेन्द्र अग्रवाल सहित पंचगण एवं काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सभी अधिकारी-कर्मचारी पहनें हेलमेट

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले की सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने इस दिशा में ठोस एवं कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिला मुख्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यस्थल पर आने-जाने के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी हेलमेट नहीं पहनते हुए पाए जाएंगे, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। चार पहिया वाहनों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दिए हैं।

■ चार पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से लगाए सीट बेल्ट

कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अब प्रशासनिक अमले को अनुकरणीय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करें। सड़क सुरक्षा को लेकर एक प्रभावी रणनीति तैयार करने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन इस दिशा में कठोरता और सतर्कता दोनों के साथ कार्य करेगा। उन्होंने विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य योजना निर्धारित करने के भी निर्देश दिए, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और एक सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित की जा सके। बैठक के अंत में कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है ।

# योजनाओं की हकीकत जानने झलरिया पहुंची प्रभारी सचिव



**अम्बिकापुर।** देश की खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले शुक्रवार को जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने शासन के योजनाओं की प्रगति का आंकलन करने हितग्राहियों से मुलाकात की।

उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह की लखपति दीदी से मुलाकात कर उनकी आजीविका गतिविधियों की सराहना की। प्रभारी सचिव ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ग्राम झलारिया पहुंचने पर प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले का स्वागत ग्रामीण महिलाओं ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा के अनुसार पारंपरिक गीतों और तिलक लगाकर किया।

■ सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने की ग्रामीणों व हितग्राहियों से मुलाकात

इसके पश्चात प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी श्रीमती मानकी देवी से मुलाकात की और उनके पुराने एवं वर्तमान आवास अनुभवों पर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया पानी बचाने की जिम्मेदारी केवल शासन की नहीं, समाज की भी है। जब गांव जागरूक होंगे, तभी जल का भविष्य सुरक्षित होगा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने श्रीमती फूलमती कुमरिया के निवास पर पहुंचकर उनके टमाटर की फसल का अवलोकन किया। श्रीमती फूलमती ने स्व-सहायता समूह से लोन लेकर 1 एकड़ भूमि में टमाटर की खेती की है। श्रीमती फूलमती ने बताया कि वह अब तक उन्हें 70 हजार का टमाटर का विक्रय कर चुकी है और लगभग उतनी ही फसल उनके खेत में लगी हुई है।

श्रीमती फूलमती ने आभार स्वरूप टमाटर से भरी टोकरी प्रभारी सचिव को भेंट की। इस दौरान जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जनपद पंचायत सीईओ, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की उठी मांग, पुलिस को ध्यान देने की जरुरत

# वाहन की छत पर बैठकर सफर करते दिखे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मजदूरों को पिकअप, ऑटो, ओमनी वाहनों से ठूंस-ठूंस कर शहर की सड़कों से होकर आवागमन करते आसानी से आए दिन देखा जा सकता है। क्षमता से अधिक मजदूरों को तो भरा ही जाता है, कई बार तो ऑटो के पिछले हिस्से में कुछ मजदूर इनमें महिलाएं एवं युवतियां भी शामल रहती है, इसके अलावा पिकअप वाहन में पीछे लटककर भी कई मजदूर वाहन में आते-जाते दिखाई देते।



वाहन की छत पर बैठकर यात्रा करते लोग।

ओव्हरलोड भरकर चलने वाले ऐसे वाहनों पर किसी तरह की चालानी कार्रवाई नहीं होने के कारण बेखौफ होकर इस तरह का खतरनाक मंजर दिखाई देते रहता है, फिर भी पुलिस प्रशासन आंखे मूंदे हुए हैं। इस तरह की लापरवाही कभी भी मजदूरों के लिए गंभीर खतरा का कारण बन सकता है। बाजार दिवस ग्रामीण क्षेत्रों की ओर से आने -जाने वाले ऑटो में खतरनाक तरीके से सवारियों को भरकर आते-जाते देखा जा सकता है। क्षमता से अधिक ऑटो वाले सवारी भरकर फर्राटे भरते हुए चलते है, ऐसी लापरवाही की सवारी के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है, इसकी रोकथाम के लिए जरूरी है ओव्हरलोड सवारी लेकर चलने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई के साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई करने की जरूरत है। इस ओर प्रशासन की अनदेखी कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

### बिहार-झारखंड की तर्ज पर बेखौफ सवारी

कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मजदूरों को लाने ले जाने वाले पिकअप व ऑटो में क्षमता से अधिक मजदूरों को भरकर चलते तो हैं ही साथ ही कई बार खतरनाक तरीके से वाहन में लटक कर आते-जाते भी मजदूरों को देखा जा सकता है, इन पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती। इसी का नतीजा शुक्रवार को देखने को मिला, जब शहर के मुख्य मार्ग से ओमनी वाहन में दो मजदूर वाहन के छत में बैठकर सवारी करते देखे गए। शहर के मुख्य कुमार चौक से होकर बे रोक टोक ओमनी वाहन के छत पर बैठकर मजदूरों को आवागमन करते देखा गया। इस तरह की सवारी पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है।

### घाटी क्षेत्रों में भी इस तरह की लापरवाही

मजदूरों को ढोने वाले वाहन सामान्य मार्ग पर क्षमता से अधिक मजदूरों को भरकर व वाहन में लटकाकर चलते हैं, इसके अलावा जिले के घाटी क्षेत्रों में भी मजदूरों की जान जोखिम में डालकर कई वाहन आवागमन करते हैं, जबकि घाटी क्षेत्र में इस तरह की सवारी खतरनाक साबित हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर-सोनहत मार्ग पर भी ऐसी लापरवाही देखने को मिलती रहती है।

05 JULY- JASH-KORIYA-Bhoomi pg-2_Layout 1 7/5/2025 8:03 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**बिश्रामपुर।** मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाने के लिए बिश्रामपुर थाना में लटोरी तहसीलदार सुरेन्द्र पैकरा,सूरजपुर सीएसपी अभिषेक पैकरा व नवनियुक्त थाना प्रभारी की अगुवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों के बीच शुक्रवार को शाँति समिति की बैठक सम्पन्न हुई,बैठक में उपस्थित लोगों से त्यौहार में निकलने वाले ताजिया के समय,रूट और मैनेजमेंट के बारे में पुलिस अधिकारीयों ने जानकारी ली,इस दौरान मस्जिद के सदर सलीम खान ने बताया कि इस बार मोहर्रम त्यौहार रविवार के दिन मनाया जाना है, मातमी जुलुस करबला मैदान से शाम 5 बजे निकाला जायेगा,यहाँ पर इतवारी बाजार संचालित होने से इस रोड में आवाजाहि बहुत रहती है,इस कारण से स्टेट बैंक-इतवारी बाजार रोड को कुछ समय तक क्लियर रखने की मांग की गई, इसके अलावा क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के बारे में चर्चा की गई,लोगों द्वारा बताया गया कि अयप्पा ग्राउंड में नशेड़ी युवकों द्वारा शराब की खाली बोतलें फोड़ दी जा रही हैं जिससे जमीन पर पड़े कांच के टुकड़ों से जूनियर क्रिकेट खिलाड़ीयों को चोट लगने का खतरा बना रहता है,कार्मेल स्कूल सतपता में छुट्टी के दौरान यातायात पुलिस स्टॉफ लगाने की मांग रखी गई, स्कूल की छुट्टी के दौरान बड़े मालवाहक वाहन के तेज गति से गुजरने से हादसा होने का खतरा बना रहता है, इसके अलावा थाना परिसर के सामने ड्रेनेज का पानी निकासी जमीन पर बहने से गेट के सामने बन रहे किचड़ समस्या के बारे में बताया गया, सभी समस्याओं के निराकरण किये जाने की बात सूरजपुर सीएसपी व बिश्रामपुर थाना प्रभारी द्वारा कही गई है, शाँति समिति की बैठक के दौरान शिवनन्दनपुर संचालन समिति के शितिकान्त स्वाईं बाबू, कृष्ण गोयल बल्लु, एहमद वाहिद, सलीम खान, जगरनाथ यादव,शाहिद आलम, एजाज एहमद जिम्मी, जनपद सदस्य गोविंदपुर संतोष सिंह बंटी, अफरोज खान,शानू खान उपस्थित थे।

### कोल इंडिया कर्मियों के परिवार व सदस्यों को निःशुल्क लगेगी एचपीवी वैक्सीन

**बिश्रामपुर।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए कोल इंडिया एवं उसकी सहयोगी कंपनियों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के बच्चियों एवं महिला सदस्यों आश्रितों जिनकी उम्र 9 से 26 वर्ष के बीच है,उन्हें कंपनी एचपीवी वैक्सीन (इंजेक्शन) मुफ्त में लगाने जा रही है।केंद्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमाशंकर बैठा ने बताया कि जो भी अधिकारी कर्मचारी या उनके आश्रित परिवार के सदस्य वैक्सीन लगवाना चाहते हैं, वे केंद्रीय चिकित्सालय में अपना नाम व आवश्यक विवरण दर्ज कराएं। टीकाकरण कोल इंडिया द्वारा निःशुल्क किया जाना है।बता दें कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है,उक्त टीकारण इसके बचाव के लिए उपयोगी व लाभदायक होता है।

### डॉ. अंबेडकर चौक स्थित किराना दुकान में रोशनदान काटकर घुसे चोर

**बिश्रामपुर।** नगर के एनएच 43 में अंबेडकर चौक स्थित के. के. स्टोर्स नामक किराना दूकान के छत पास लगे वेंटिलेशन काटकर अज्ञात चोरों ने दुकान के भीतर प्रवेश करते हुए दुकान के गल्ले में रखा गया चिल्लर रकम सहित विभिन्न कंपनियों के बड़ी मात्रा में पान मसाले व सिगरेट का पॉकेट अपने साथ ले गए हैं,चुराए गये नगदी चिल्लर रकम व किराना सामानों की कीमत करीब 43 हजार रुपये बताई गई है।दुकान संचालक कृष्ण कुमार मित्तल की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) कायम कर विवेचना में लिया है।घटना दो जुलाई की मध्यरात्रि की बताई गई है।पुलिस मौके पर पहुंचकर वारदात के तरीकों को देखा जिसके बाद क्षेत्र के पुराने चोरियों के मामले में पकड़े गए आरोपी युवकों से पूछताछ के लिए उन्हें थाना बुलाया गया है।

### महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**वाड्रफनगर।** महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने 3 जुलाई को चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि जनवरी 2023 से महिला के निवास स्थान पर किराए में रहने वाले मार्कंडेय मिश्रा ने उसे शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। महिला जब शादी की बात करती तो वह टालमटोल करता रहा। इस दौरान वह उसे प्रतापपुर में ले जाकर अपने साथ रखा था लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। महिला की शिकायत पर जांच उपरान्त पुलिस ने वाड्रफनगर निवासी मार्कंडेय मिश्रा आ. रामयश मिश्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 69 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अतिक्रमण चिन्हाकित करने के बाद खुदवाया जा रहा सीपीटी

**बिहारपुर।** वन भूमि में ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण का चिन्हांकन करने के बाद विभाग सुरक्षा के लिए सीपीटी की की खुदाई करा रहा है। वन विभाग की टीम विभिन्न क्षेत्र के जंगलों में अतिक्रमण के चिन्हांकन का अभियान चला रहा है। अभियान के तहत टीम द्वारा अब तक चोंगा, करौटी एवं महुली जंगल के अतिक्रमण का चिन्हांकन किया है। तीनों जंगलों में लगभग 300 एकड़ वनभूमि में ग्रामीणों के खेत वहीं 40 से अधिक ग्रामीणों के अवैध मकान का चिन्हांकन किया गया है।

## आवागमन मुश्किल, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# बारिश से जजावल सड़क की हालत बदतर, कीचड़ में तब्दील हुआ मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद जजावल मुख्य मार्ग की हालात और भी दयनीय हो गई है। आलम यह है कि पक्की सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है तो वहीं कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। ऐसे में न सिर्फ आवागमन करने में लोगों की परेशानी बढ़ गई है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि कि क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग नहीं की है बावजूद इसके आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिससे लोग जर्जर और कीचड़ युक्त सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- उखड़ने लगी पक्की सड़क, लोगों में आक्रोश

जजावल मुख्य मार्ग से छोटे वाहन सहित कई यात्री बस आवागमन करती है। ऐसे में मरम्मत के अभाव में सड़क की हालत बदहाल हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है जो हादसे को दावत दे रहे है। पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है। जगह जगह गड्ढे में पानी एकत्र हो जाने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीते दिनों मार्ग से गुजर रही एक यात्री बस के पहिए सड़क से नीचे उतर गया



कीचड़ से सराबोर जजावल मार्ग।

जिससे बस पलटने की स्थिति में था लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से सवार बाल बाल बच गए। इस तरह की घटना बारिश के दौरान हर दूसरे दिन देखी जा सकती है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन करने से सड़क की हालत और भी खराब हो गई। कच्ची सड़क जहां कीचड़ से सराबोर है तो वहीं पक्की सड़क उखड़ने तथा गड्ढा होने से आवागमन करना मुश्किल हो गया है।

### आश्रम पहुंच मार्ग हुआ जर्जर, बच्चों की बढ़ी परेशानी

अम्बिकापुर। ग्राम भटकों स्थित कच्ची मार्ग बरसात में पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गया है जिससे डीएव्ही स्कूल, कन्या पहाड़ी कोरवा आश्रम ,कस्तूरबा गांधी स्कूल के बच्चों को आने जाने में कई तरह की परेशानियों को सामना करना पड़ता है। इधर एक ही मार्ग होने के कारण गांव के लोगों को कीचड़युक्त सड़क पर आवागमन करने को मजबूर है। ग्राम पंचायत भटकों में संचालित मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल ,कन्या पहाड़ी कोरवा आश्रम, कस्तूरबा गांधी विद्यालय का संचालित है। ऐसे में क्षेत्र के सैकड़ों बच्चे हर रोज इस एकल मार्ग पर आना जाना करते है। अन्य मौसम में बच्चों को ज्यादा परेशानी तो नहीं होती लेकिन बरसात के मौसम में स्कूली बच्चों की परेशानी काफी बढ़ जाती है। एक तो कच्ची सड़क व दूसरी ओर बारिश के बाद सड़क के कीचड़ में तब्दील हो जाने से आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालही में हुई बारिश के बाद सड़क कीचड़ से सराबोर हो गया है जिससे कीचड़ में चलना मुसीबत बन गया है साथ ही ग्रामीणों को भी आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### ग्रामीणों ने की सड़क मरम्मत कराने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि बदहाल सड़क की हालत केवल जजावल तक सीमित नहीं है प्रतापपुर क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे में जहां सड़कों की स्थिति बत से बत्तर है। कई गांव ऐसे है जहां आज भी लोग कच्ची गड्ढे नुमा सड़क से आवागमन करते है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने क्षेत्र की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है जिससे लोगों को आवागमन के लिए अच्छी सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

लोग दिन के समय तो किसी तरह मार्ग से गुजर जाते है लेकिन रात को सड़क के गड्ढों में पानी होने से पता ही चलता की कहां सड़क है और कहां गड्ढे। ऐसे में रात के समय राहगीर दुर्घटना के शिकार हो जाते है।



## एक साल में भी नहीं पूर्ण हुआ सामुदायिक शौचालय निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

स्वच्छ भारत अभियान के तहत खुले में शौच से मुक्ति दिलाने गांव में बन रहे सामुदायिक शौचालय का काम ठप हो गया है। राशि जारी होने के बाद भी तत्कालीन सरपंच सचिव ने मिलकर जमकर मनमानी की और एक साल बाद भी शौचालय का काम अधूरा पड़ा हुआ है। आधा अधूरा शौचालय अब देखरेख के आभाव में जर्जर होने की कगार पर है। ऐसे में लाखों रूपए खर्च होने के बाद भी पूर्व सरपंच, सचिव की लापरवाही से ग्रामीणों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नही मिल पा रहा है। वही आधे अधूरे शौचालय निर्माण की वजह से सरकार की खुले में शौचमुक्त गांव अभियान पर पानी फिरता नजर आ रहा है। विदित हो कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत भुषु के पंडरीपानी में साढ़े तीन लाख की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की शुरुआत वर्ष 2024 में ग्राम पंचायत के तत्कालीन सरपंच रामभगत लकड़ा एवं सचिव सुरेंद्र टोप्पो द्वारा कराई गई थी। सामुदायिक शौचालय बनाकर गांव को खुले में शौच से मुक्ति दिलाना था लेकिन शौचालय का काम पूर्ण होने से पहले ही अनियमितता की भेंट चढ़ गया। तत्कालीन सरपंच सचिव द्वारा निर्माण कार्य की आड़ में कई गई राशि की अफरा तफरी की वजह से शौचालय निर्माण अधूरा रह गया जबकि इसके निर्माण के लिए संबंधित विभाग द्वारा समय सीमा निर्धारित की गई थी। इसके बाद भी तत्कालीन सरपंच रामभगत लकड़ा एवं सचिव सुरेंद्र टोप्पो ने इसे पूरा कराने के बजाए इसे इसके हाल पर छोड़ दिया जिसकी वजह से सामुदायिक शौचालय की हालत अब जर्जर होने लगी है। संबंधित अधिकारियों ने भी इसे पूरा कराने को लेकर अपनी जिम्मेदारी नही निभाई। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक शौचालय बनने से गांव के लोगों को इसका लाभ मिलता। लोग खुले में शौच करने की बजाय इसका उपयोग करते लेकिन तत्कालीन सरपंच सचिव ने मिलकर योजना पर पानी फेर दिया। आधा अधूरा निर्माण अब जर्जर हो रहा है। उन्होंने इस आधे अधूरे निर्माण के लिए तत्कालीन सरपंच एवं सचिव को दोषी ठहराते हुए उनके विरुद्ध जांच समेत कार्यवाही की मांग की है।

- पूर्व सरपंच, सचिव ने आहरित कर ली राशि, लोगों में आक्रोश

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खुशबू शास्त्री ने बताया कि जहां भी ऐसे मामले है। उस ग्राम पंचायत के सचिवों को तत्काल अधूरे कामों को पूरा करने के निर्देश दिए गए है ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल सके।



### एनएच की जर्जर सड़क को लेकर युवा कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन

**राजपुर।** अंबिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के जर्जर हालत के विरोध में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजपुर एसडीएम को चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने बताया कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग अंबिकापुर से रामानुजगंज झारखंड राज्य को वाली मुख्य सड़क बारिश की वजह से अत्यंत खराब हो चुकी है। गेउर नदी व गागर नदी के पुल-पुलियों पर बड़े बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिसमें पानी भरे होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो कर घायल हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों के द्वारा लगातार जर्जर सड़क को सुधारने की मांग की जा रही है साथ ही युवा कांग्रेस के द्वारा पूर्व में भी जर्जर सड़क को सुधारने की मांग की जा चुकी है लेकिन मरम्मत के नाम पर कही कही मिट्टी डाल दिया गया वह भी बारिश के वजह से वो बह गया है नेशनल हाईवे की जर्जर स्थिति को देखते हुए मजबूरी में युवा कांग्रेस एनएच 343 राजपुर में तहसील कार्यालय के सामने 9 जुलाई दोपहर 1 बजे से चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन को करेगी। ज्ञापन सौपने के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नीरज तिवारी, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश यादव, पंकज ठाकुर ,पंकज यादव, आलोक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लंबित पदोन्नति से नाराज कोल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के कर्मचारियों ने शुक्रवार को क्षेत्रीय मुख्यालय में पदोन्नति को लेकर संयुक्त कोयला मजदूर संघ, एटक श्रमिक यूनियन के बैनर तले एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के माध्यम से क्षेत्रीय महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि एमआर मजदूर रजिस्टर एवं डीआर डेली रेटेड कर्मचारियों की पदोन्नति तत्काल प्रभाव से जारी की जाए।

- एटक श्रमिक यूनियन के बैनर तले क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को जीएम के नाम सौंपा गया ज्ञापन

संघ के क्षेत्रीय नेता पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए श्रमशक्ति बजट के आधार पर क्षेत्र की सभी खदानों व यूनिटों में पदोन्नतियां जारी हो चुकी हैं, लेकिन क्षेत्रीय मुख्यालय के कर्मचारियों की फाइलें कार्यालय में लंबित पड़ी हुई हैं एवं धूल खा रही हैं।उन्होंने बताया कि एमआर और डीआर कर्मचारियों को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। इससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि वरिष्ठता में भी वे पिछड़ते जा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों के चेहरों पर प्रबंधन के विरुद्ध नाराजगी साफ झलक रही थी और कर्मचारी न्याय की मांग कर रहे थे।वंचित कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें जानबूझकर पीछे रखा जा रहा है। एक तरफ़ यूनिट स्तर पर पदोन्नतियां समय पर हो रही हैं, दूसरी तरफ मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय के कर्मचारी प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बन रहे हैं।संघ की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया कि यदि प्रबंधन ने इस बार भी अनदेखी की तो चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। इस दौरान संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरालाल, वरिष्ठ नेता वीसी जैन, विनोद सिंह, राजेश सिंह, राजेश त्रिपाठी, मुरली अखय साहू, सजल मित्रा समेत दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।




### डिवाइडर के स्ट्रीट लाइट से टकराई कार, तीन घायल

**लखनपुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार के कारण आए दिन वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस बीच बीती रात भी एक तेज रफ्तार बलेनो कार डिवाइडर के स्ट्रीट लाईट से जा टकराई। इस दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात 8.30 बजे तेज रफ्तार बलेनो कार एनएच 130 पर ग्राम केवरा में अनियंत्रित होकर डिवाइडर के स्ट्रीट लाईट से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्ट्रीट लाईट का पोल उखड़कर सीधे कार के ऊपर गिरा जिससे कार बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई। इस घटना में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए लखनपुर सीएचसी में भर्ती कराया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। फिलहाल घायल युवकों की पहचान नहीं हो पाई है।



## सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य को दी गई विदाई, किया सम्मान

**लखनपुर।** प्राचार्य श्याम लाल के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संकुल केंद्र गुमगरा कला और गुमगरा खुर्द संकुल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रचार्य को सेवा निवृत्ति पर सम्मानित किया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक विनोद कुमार गुप्ता ने प्राचार्य श्याम लाल के बेहतर कार्यकाल के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि प्राचार्य श्याम लाल के नेतृत्व में कोरोना काल जैसे विषम परिस्थितियों में भी लखनपुर विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य किया है। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला गुमगराकला प्रधान पाठक शिवब्रत पावले, शासकीय प्राथमिक शाला कटकोना भागीरथी कुमार अजय ने उनके कार्यकाल की सराहना की गई। श्याम लाल द्वारा समस्त शिक्षक समूहों का आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव साझा किया गया।




## सेजस हिंदी माध्यम विद्यालय में मना संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, श्यामा पांडेय, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय सिंह,पार्षद अमरेश सिंह, सूरज सेठी,मिथलेश स्वर्णकार, सतपता सरपंच सरिता सिंह, सुभाष चंद्र पांडेय उपस्थित थे। कार्यक्रम में संकुल के विभिन्न विद्यालयों से आए नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगा लड्डू खिलाकर उनका स्वागत किया गया,साथ ही पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रतिवेदन संकुल प्राचार्य श्रीमती सुचित्रा खलखो द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें शासन के विभिन्न योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताकर विद्यालय कि गत वर्ष की उपलब्धि की जानकारी दी गई।यहाँ पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन आने के लिए प्रोत्साहित किया।पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की बात कही।उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।सेवानिवृत्त शिक्षक सुभाष चंद्र पांडेय द्वारा बच्चों को स्वरचित गीत सुनाकर उन्हें शिक्षा, संस्कार, अनुशासन पर ध्यान देने की बात कही और अपने जीवन के संस्मरण सुनाए गए। विद्यालय परिवार ने सुभाष चंद्र पांडेय और उनकी पत्नी द्वारा समाज के लिए मृत्यु उपरांत शरीर दान करने की घोषणा के लिए उनका शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इसके पश्चात अतिथियों द्वारा एक-एक पौधरोपण कर उसके महत्व को स्थापित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील सिंह द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन संकुल के जन शिक्षक पंकज सिंह द्वारा किया गया।



## छात्रावास की बदहाल स्थिति को देख अधिकारियों को लगाई फटकार

# ट्रैक्टर से सांसद पहुंचे दुर्गम गांव, बारिश के बीच सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बारिश से भीगी पगडंडियां, कीचड़ में सने रास्ते और घने जंगलों के बीच बसा वह गांव जहां न सड़क है, न पुल और न ही बुनियादी सुविधाओं की पहुंच है। ऐसे दुर्गम हालात में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने ट्रैक्टर से सफर तय कर जिले के ओड़गी विकासखंड के अत्यंत पिछड़े बड़वारीपारा पहुंचकर वहां निवासरत विशेष पंडो जनजाति के लोगों से मुलाकात की। जो वर्षों से शासन-प्रशासन की अनदेखी का सामना कर रहे हैं।

बारिश के बावजूद सांसद ने न सिर्फ ग्रामीणों की व्यथा सुनी, बल्कि शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, पेयजल और छात्रावास की बदहाल स्थिति पर जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। गांव में आज भी करीब 61 बच्चे विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र से वंचित हैं। गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है और बीमारों को इलाज के लिए संघर्ष करना पड़ता है। विकासखंड ओडगी से करीब 60 किलोमीटर दूर घने जंगलों और नदी-नालों के बीच बसे ग्राम पंचायत विजो छतौली के बड़वारीपारा का इलाका जहां विशेष पंडो जनजाति के निवास करते है। यह क्षेत्र रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में आता है, जिससे विकास के अधिकांश कार्य वर्षों से ठप पड़े हैं और मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। आज भी विशेष पंडो जनजाति घने जंगलों और नदियों के बीच कच्चे रास्तों पर जिंदगी गुजारने को मजबूर है। वर्षों से विकास की मुख्यधारा से कटे इन लोगों की सुध लेने न तो कोई अधिकारी पहुंचा और न ही कोई जनप्रतिनिधि। इधर सांसद चिंतामणि ने न सिर्फ यह दूरी मिटाई बल्कि बारिश और दुर्गमता की परवाह किए बिना ही ग्रामीणों से रूबरू होने पहुंच गए। करीब आठ माह पहले बिहारपुर प्रवास के दौरान सांसद को पहली बार इस क्षेत्र की जानकारी मिली थी, उसी रात वे बड़वारी पारा पहुंचे थे और लोगों से सीधी बात कर समस्याएं सुनीं थीं। आठ महीने बाद उन्होंने दोबारा गुरुवार को बड़वारीपारा की राह पकड़ी और इस बार साथ में प्रशासनिक अमला भी था। मगर जब उन्हें यह ज्ञात हुआ कि राजस्व मामलों को छोड़कर बाकी समस्याएं जस की तस हैं तो उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई। महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही सामने आई। आज भी लगभग 61 बच्चे स्कूल या आंगनबाड़ी नहीं जा पाते, क्योंकि केंद्र 5 किमी दूर है। गांव में न पीने का साफ पानी, न सड़क, न स्वास्थ्य सुविधा है जिस पर सांसद ने तत्काल सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर अस्थायी केंद्र और पेयजल की व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है कि बड़वारीपारा की गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार के लिए 5 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है और बीमारों को कंधे पर ले जाना आम बात है।



### छात्रावासों की दुर्दशा पर जताई नाराजगी

सांसद चिंतामणि महाराज ने ग्राम पंचायत खोड़ स्थित कन्या और बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए चलाई जाती है परंतु वहां न तो बच्चों को अच्छा भोजन मिल रहा था, न गणवेश, न पर्याप्त बेड और न ही समुचित शिक्षा, भवन जर्जर, खिड़कियां टूटी थी, बिजली नहीं थी और शिक्षकों की भी कमी पाई गई। यह देखकर सांसद ने तत्काल सहायक आयुक्त से फोन पर बात कर सभी व्यवस्थाओं में सुधार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।



# बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

लाइफ Style

# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था

एजेंसी ⏭ मुंबई



कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




# प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



# असली खुशी दूसरों को मौका देने में


**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



# किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

## टीवी मसाला



# एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद- इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

# लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद



एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।

# काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।




ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।

# दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

## सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी।

उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



### टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

### सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

### फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

### स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

